कार्यालय : उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन

राजकीय आईटीआई परिसर, अलीगंज, लखनऊ-226024

संख्या: /उ.प्र.कौ.वि.मि./2019-20/पी.एण्ड.ए./का.आ./01

लखनऊ, दिनांक 07 जुलाई, 2020

कार्यालय-आदेश

कोविड-19 महामारी के व्यापक संक्रमण को रोकने के लिये समस्त कार्यालयों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश निरंतर शासन स्तर से प्राप्त हो रहे हैं। प्रायः यह देखा जा रहा है कि बाह्य राज्यों एवं जनपदों (कोविड संक्रमित/संवेदनशील क्षेत्र) से आगन्तुकगण प्रत्येक कार्यदिवस में कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सम्पर्क हेतु आ रहे हैं और सम्बन्धित अधिकारी से भेंट करने के पश्चात् भी कार्यालय में ही रहते हैं जिससे संक्रमण की रोकथाम के निर्धारित प्रोटोकाल्स का उल्लंघन हो रहा है एवं सुरक्षा के मानकों का अनुपालन भी नहीं हो पा रहा है।

अतः मिशन कार्यालय में आने वाले आगन्तुकगणों हेतु निम्न व्यवस्था लागू की जाती हैः-

1. आगन्तुकगण, प्रशिक्षण प्रदाता अथवा उनके प्रतिनिधि सप्ताह में मात्र बुधवार को ही अधोहस्ताक्षरी से पूर्व समय लेकर ही भेंट कर सकेंगे।

2. अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में न होने पर डीडीयू-जीकेवाई, सीएम-युवा तथा संकल्प योजना से सम्बन्धित कार्यों हेतु श्री राम आसरे सिंह, उपनिदेशक तथा प्रशिक्षण प्रदाता व असेसिंग बॉडी के भुगतान, अनुबन्ध व लक्ष्य आवंटन कार्य हेतु श्री राजेश कुमार, उपनिदेशक द्वारा आगन्तुकगण से भेंट की जायेगी तथा उन्हें किसी अन्य कर्मी से मिलने की अनुमति नहीं होगी।

3. संयुक्त निदेशक से शासन से सम्बन्धित नीतिगत प्रकरणों पर वार्ता की जा सकेगी।

4. सेवा एवं कार्मिक प्रबन्धन सम्बन्धी कार्य हेतु श्री राजीव कुमार यादव, सहायक निदेशक से वार्ता की जा सकेगी।

Scanned with CamScanner

5. सुरक्षाकर्मियों द्वारा प्रत्येक आगन्तुक, अधिकारी तथा कर्मचारी को थर्मल स्क्रीनिंग के उपरान्त ही कार्यालय में प्रवेश करने दिया जायेगा।

उक्त आदेश अग्रिम आदेशों तक प्रभावी रहेंगे।

(कुणाल सिल्कू)
मिशन निदेशक

संख्या: 5180 /उ.प्र.कौ.वि.मि./2016-17/पी.एण्ड.ए./का.आ./01, तददिनांकित।

प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त अधिकारीगण/कर्मचारीगण, उ.प्र. कौशल विकास मिशन, लखनऊ।
2. समस्त प्रशिक्षण प्रदाता, आबद्ध उ.प्र. कौशल विकास मिशन।
3. प्रबन्धक (आईटी) को पोर्टल पर अपलोड करने के आशय से।
4. सुरक्षागार्ड को अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु।
5. नोटिस बोर्ड एवं गार्ड फाइल।

7/7/2020
(कुणाल सिल्कू)
मिशन निदेशक

Scanned with CamScanner